
हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार, 10 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 29.1 डिग्री
न्यूनतम 5.2 डिग्री

11 सिद्ध शिरोमणि बाबा चौरंगीनाथ महाराज ...



12 अरविंद केजरीवाल करते हैं झूठ की राजनीति ..



## शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर का आयोजन।
- लघुसचिवालय में उपायुक्त सुनेंगे समस्याएं।
- रोडवेज डिपो में कर्मचारियों की मीटिंग।

## खबर संक्षेप

### मदवि: 20 को संभाषण प्रतियोगिता

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग के तत्वावधान में 20 फरवरी को स्वराज सदन में वर्ल्ड डे ऑफ सोशल जस्टिस तथा इंडियन कांस्टीट्यूशन @75 के उपलक्ष्य में संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. रणदीप राणा ने बताया कि- इंडियाज ट्रिस्ट विद डेस्टनी एंड द इंडियन कांस्टीट्यूशन विषय पर आयोजित यह संभाषण प्रतियोगिता स्वराज सदन में आयोजित की जाएगी।

### एमडीयू में 11 को विस्तार व्याख्यान

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पं दीन दयाल उपाध्याय सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रुरल डेवलपमेंट, पं दीन दयाल उपाध्याय शोध पीठ तथा लोक प्रशासन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 11 फरवरी को पंडित दीन दयाल उपाध्याय की नजर में राष्ट्र की अवधारणा विषयक विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम आईएचटीएम के सेमिनार हाल में 10 बजे से प्रारंभ होगा।



### लोजपा हेलीकॉप्टर सिंबल के निशान पर चुनाव लड़ेगी

**रोहतक।** लोक जनशक्ति पार्टी (र )की मीटिंग रविवार को जिला कार्यालय में हुई। इसमें अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडेय ने बताया कि पार्टी चुनाव हेलीकॉप्टर के निशान पर लड़ेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी का जनाधार बढ़ाने के लिए लोगों से संपर्क किया जा रहा है। जो लोग पार्टी की विचारधारा से सहमत होंगे, उन्हें ही सदस्यता दी जाएगी। ये निर्णय पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष प्रवीण सभरवाल ने लिया है। जिलाध्यक्ष पांडेय ने मीटिंग में कहा।



### एमडीयू के प्राध्यापकों ने की विश्व पुस्तक मेले में विजिट

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के विवेकानंद पुस्तकालय के तत्वावधान में नई दिल्ली में आयोजित विश्व पुस्तक मेले में एमडीयू के प्राध्यापकों ने विजिट की। विवेकानंद पुस्तकालय के अध्यक्ष डॉ. सतीश मलिक ने बताया कि भारत मंडपम,नई दिल्ली में द नेशनल बुक ट्रस्ट ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित विश्व पुस्तक मेले में कई फैकल्टियों के प्राध्यापकों ने विजिट की।

### हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**सांपला।** वार्ड नंबर 5 सुनील उर्फ भोपा पर हमला करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस नहीं गिरफ्तार कर लिया। नेशनल हाईवे नंबर 9 रोड टोल पर सुनील ग्रुप भोपा ने ठेका लिया हुआ है। 3 फरवरी को सुनील शाम करीब 11:30 बजे अपने दोस्त के साथ घर पहुंचा था। दोस्त गाड़ी से उतर कर चला गया स्कॉर्पियो में आए 5 से 6 युवक आए जो लाठी डंडों लिए हुए थे।

# चिड़ी की बहु सुजाता ने राष्ट्रीय खेलों में तीसरी बार स्वर्ण पदक जीता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

चिड़ी गांव की बहु सुजाता पाराशर ने राष्ट्रीय खेलों में लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीता है। भारतीय ओलिपिक संघ द्वारा उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में सुजाता ने नेटबॉल में ये उपलब्धि हासिल करके गांव को देश में गौरवन्वित कर दिया। ऐसा करने वाली सुजाता जिले की पहली खिलाड़ी बनी हैं। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में हरियाणा की टीम ने राजस्थान को शिकस्त दी। दुबलधन गांव की बेटी और चिड़ी की बहू सुजाता ने इससे पहले गुजरात और गोवा में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में भी भाग लेकर अपने नाम स्वर्ण पदक जीता था। इस अवसर पर सुजाता ने अपनी जीत का श्रेय अपने परिवार के सहयोग, सीडीएम मनीष कुमार ग्रोवर और नेटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिओम कौशिक को दिया। राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा कुल 21 स्वर्ण, 26 रजत और 28 कांस्य, कुल 75 पदकों के साथ पदक तालिका में चौथे स्थान पर है। 42 स्वर्ण पदकों के साथ सर्विसेज तालिका में पहले स्थान पर काबिज है।

### सीडीएलयू सिरसा से कर रही है पीएचडी

सुजाता पाराशर खेलों के साथ साथ शिक्षा में भी उत्कृष्ट छात्रा है। वह फिजिकल एजुकेशन विषय में मास्टर डिग्री के पश्चात इसी विषय में शोध कर रही हैं। सुजाता के गाइड डॉ. अशोक ने बताया कि सुजाता ने तीसरी बार स्वर्ण पदक जीत कर प्रदेश ही नहीं बल्की सीडीएलयू सिरसा का भी मान बढ़ाया है। उन्होंने नवनिर्वाचित कुलपति की ओर से सुजाता को इस उपलब्धि की बधाइयां दी। सुजाता के ससुर ओमकार पारासर अंग्रेजी विषय के रिटायर्ड लेक्चरर हैं। इनके पति संदीप भारतीय खेल प्राधिकरण में खेल सलाहकार रह चुके हैं और फिलहाल हरियाणा खेल विश्वविद्यालय में जनसंपर्क अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। ससुर ने बताया कि सुजाता ने शादी के बाद अपनी फिजिकल एजुकेशन में मास्टर डिग्री, यूजीसी नेट जेआरएफ क्वालीफाई किया और जब उसने खेलों में अपनी रुचि बतायी तो परिवार ने बेटी के जैसे सभी प्रकार की सुविधा और अवसर प्रदान किए जिसको सुजाता ने अपने बेहतरीन परिणाम से साबित किया। उन्होंने सभी से अपनी बहू बेटियों का शिक्षा और खेलों में पूर्ण योगदान करने का निवेदन भी किया।

### हरियाणा बेटी और बहु में कोई भेद नहीं

भारतीय ओलिपिक संघ के सदस्य और ओलंपिक पदक विजेता पहलवान योगेश्वर दत्त और राष्ट्रीय खेलों के चीफ दी मिशन मनीष ग्रोवर ने इस उपलब्धि पर सुजाता को फ़ोन कर विशेष रूप से बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा बेटी और बहु में कोई मतभेद नहीं करता। इसी का परिणाम है कि आज सुजाता जैसी बहुओं को प्रदेश में खेलों और शिक्षा में पूरे अवसर मिल रहे है और वह अपने परिवार की उम्मीदों पर खरी उतर रही हैं। सुजाता मंगलवार को घर लौटेंगी।

# कैंसर लाइलाज नहीं: डॉ. कुंडू

**रोहतक।** कैंसर अब किसी विशेष तबके की नहीं, अपितु आम बीमारी है, परन्तु यह लाईलाज नहीं है। यह कहना है कैंसर विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण कुंडू का। सामाजिक-सांस्कृतिक संस्था सप्तरंग द्वारा आयोजित संगोष्ठी



कैंसर तथ्य बनाम भ्रम विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि कैंसर के ईलाज में सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि बड़े पैमाने पर लोग यह सोचते हैं कि उन्हें कैंसर नहीं हो सकता। परन्तु वास्तविकता यह है कि कभी कैंसर को बड़ी उम्र की बीमारी समझा जाता था, जो अब हर आयु वर्ग की बीमारी बन गई है और बड़ी तेजी से फैल रहा है। कैंसर का ईलाज महंगा भले ही हो, परन्तु अगर समय रहते इसका पता चल जाए, तो यह लाईलाज नहीं है। इसलिए सबसे बड़ी जरूरत यह है कि आशंका होते ही इसकी जांच करवा ली जाए। शरीर में कहीं भी गांठ हो गई है, गांठ बढ़ रही है, वजन तेजी से घट रहा है या शरीर में कोई और अनियमितता महसूस होती है, तो डरें नहीं और डाक्टर से परामर्श करें। अधिकतर मामलों में डर के मारे जांच न करवाने के चलते ही तीसरी-चौथी स्टेज में बीमारी का पता चलता है।

## सीएम नायब सैनी के आदेशों के बाद रोहतक पुलिस एक्शन में

# डंकी के रास्ते विदेश भेजने वाले एजेंटों पर कड़ी कार्रवाई शुरू, नई शिकायतें मिली

- पुलिस अधीक्षक ने जारी किए दिशा निर्देश, पुरानी फाइलें भी खोली
- पिछले साल आ चुके दस मामले सामने

विजय अहलावत ▶▶ रोहतक

लाखों रुपये लेकर डंकी के रास्ते युवाओं को अमेरिका सहित अन्य देशों में भेजने वाले एजेंटों पर शिकंजा कसना शुरू हो गया है। सीएम नायब सैनी के आदेशों के बाद हरकत में आई पुलिस ने कई एजेंट के ऑफिसों को खंगाला। इस दौरान उनके रिकार्ड की जांच पड़ताल की गई। पुलिस की कई टीमें इन एजेंट की हिस्ट्री तलाश रही हैं। इसके अलावा उनके लाइसेंस चैक किए जा रहे हैं। कई युवाओं ने पुलिस को शिकायतें दी हैं जिन पर एसपी नरेंद्र बिजराणिया की ओर से एफआईआर दर्ज करने के आदेश जारी किए गए हैं। इसके साथ ही पुलिस पुराने मामलों में भी जांच दोबारा शुरू कर रही है।

### लाइसेंस नहीं

पुलिस की टीमें एजेंटों के कार्यालय खंगाल रही हैं। इस दौरान उनसे युवकों को विदेश भेजने के रिकार्ड और लाइसेंस मांगे गए हैं। पुलिस सूत्रों का दावा है कि अधिकतर एजेंटों के पास लाइसेंस ही नहीं हैं। जिसके आधार पर उन्हें कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।



एसपी नरेंद्र बिजराणिया

### कई मामले संज्ञान में

पुलिस ने बताया कि अब तक रोहतक में करीब दस मामले पुलिस के संज्ञान में आ चुके हैं। जिनमें विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी की गई हैं। अधिकतर मामलों में पहले से केस दर्ज किए गए थे, लेकिन अब इनकी दोबारा फाइल खोली जाएगी। इनमें अधिकतर मामलों में रोहतक के युवकों के साथ धोखाधड़ी हुई है।

### हरियाणा के 33 लोग आए थे

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही अमेरिका से डिपोर्ट कर भारत लाए गए हरियाणा के 33 लोग अमृतसर एयरपोर्ट पर लाए गए थे। जहां से उन्हें पुलिस द्वारा उनके घर भेजा गया। इसके साथ ही हरियाणा पुलिस की ओर से संबंधित जिलों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वह जिलों में आने वाले प्रवासियों की पहचान कर उनकी वेरिफिकेशन करें। अगर किसी प्रवासी का आपराधिक बैकग्राउंड मिलता है तो फिर उसे डिटेन कर पूछताछ की जाए। इसके साथ यह भी हिदायत दी गई है कि इन सभी लोगों के परिवार के बारे में भी जानकारी जुटाई जाए। इन 33 लोगों में सबसे ज्यादा कैथल जिले से हैं। अभी तक रोहतक के किसी युवक का नाम सामने नहीं आया है।

### एजेंटों पर नजर

सरकार की तरफ से सख्त आदेश हैं। ऐसे एजेंट पर नजर रखी जा रही है जो डंकी मार्ग से लोगों को विदेश भेजते हैं। उनके लाइसेंस की जांच पड़ताल हो रही है। कई के खिलाफ शिकायतें आई हैं, जिन पर एफआईआर के आदेश दिए गए हैं। इसके अलावा पुराने मामलों में भी जांच की जा रही है। रोहतक में ऐसे किसी एजेंट को बख्शा नहीं जाएगा। **-नरेंद्र बिजारणिया**, एसपी रोहतक

### सीएम की चेतावनी के बाद अलर्ट पर पुलिस

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चेतावनी दी है कि डंकी रूट से युवाओं को विदेश भेजने वाले सुधर जाएं, विधानसभा में एक्ट लाने के लिए सरकार तैयारी कर रही है। जिसके बाद ऐसे एजेंटों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही सभी जिलों के एसपी को आदेश जारी किए गए हैं कि पुलिस एजेंटों का डाटा तैयार करे। उनके कागजात की जांच की जाए। कोई डंकी के रास्ते युवाओं को विदेश भेजने का कार्य कर रहा है तो उन पर केस दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाए। सीएम के आदेशों के बाद पुलिस ने एक्शन लेना शुरू कर दिया है।

### इनके साथ हो चुकी धोखाधड़ी

पुलिस रिकार्ड के मुताबिक गांव गामडी हाल पावर हाउस चौक निवासी ध्याननंद ने शिकायत दी थी कि इंस्टाग्राम के माध्यम से उसकी मुलाकात दिल्ली निवासी संदीप के साथ हुई, जोकि विदेश भेजने के लिए वीजा आदि का काम करता है। ध्याननंद ने बताया कि तीन युवकों के साथ अमेरिका जाने के लिए संदीप से 80 लाख रूपये में डील तय हो गई। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने अलग-अलग तरीक्को से 42 लाख रूपये और ले लिए गए, लेकिन उन्हें विदेश नहीं भेजा गया। जब उन्होंने अपने पैसे वापिस मांगे तो आरोपियों ने पैसे देने से मना कर दिया।

### सूरज से विदेश भेजने के नाम पर 16 लाख ठगे

भरत कॉलोनी निवासी सूरज से विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी कर 16 लाख 50 हजार रुपए की धोखाधड़ी की गई। पीड़ित ने एसपी को शिकायत दी। जिसमें उन्होंने बताया कि पंजाब निवासी एक व्यक्ति ने बातचीत के दौरान विदेश भेजने के लिए विश्वास दिलाया और बड़े-बड़े सपने दिखाए। साथ ही कहा कि 16 लाख 50 हजार रुपए देने हैं और विदेश भेजने की बात कही। विदेश नहीं भेजने पर पैसे वापस देने की बात कही। इसके बाद युवक ने आरोपी को 16 लाख 50 हजार रुपए दे दिए। लेकिन उसे विदेश नहीं भेजा गया। युवक ने अपने कागजात और रुपए वापस मांगे तो उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई।

### कलानौर के तीन लोगों से 20-20 लाख ठगे

वर्क वीजा पर विदेश में भेजने और नौकरी लगवाने के नाम कलानौर क्षेत्र के गांव माडौदी निवासी तीन लोगों के साथ 20-20 लाख की रुपये की ठगी हुई। इसके अलावा विदेश में नौकरी लगवाने का झांसा देकर रोहतक में किसी काम से आए भिवानी निवासी सुधीर से 1.5 लाख रुपये की ठगी की गई।

### दुबई भेजने के नाम पर फ्रॉड

सोनीपत के युवक विक्रम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी बुआ के पास रोहतक में रहता है। एक दंपति ने बताया कि दुबई में पैकिंग करने पर 60 हजार रुपए प्रतिमाह तक सैलरी और खाना रहना फ्री मिलेगा। उन्होंने आरोपियों को करीब तीन लाख रुपये दे दिए। इसके बाद आरोपियों ने पीड़ित को दुबई भेज दिया। लेकिन वहां जाने के बाद एक कमरे में रखा गया। जहां खाना-पीना भी समय पर नहीं दिया गया। आरोपियों ने कहा कि तुम्हारी आईडी पर लोन लेंगे लेकिन तुम्हें कम पैसे वापिस मिलेंगे। इसके बाद किसी तरह वह वापस रोहतक पहुंचा और पुलिस को शिकायत दी।

### विदेश भेजने के नाम पर 23 लाख ठगे

गांव रिटोली निवासी सुनील कुमार ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी। शिकायत में बताया कि वह सतीश नामक व्यक्ति से मिला, जो बच्चों को वर्क वीजा लगावाता है। उसने पूरा विश्वास दिलाया और बच्चों का वीजा लगवाने के लिए कहा। इसके बाद सुनील कुमार ने अपने दो भांजों व 2 भतीजों को वर्क वीजा कनाडा में जाने के लिए बातचीत की। सुनील कुमार ने बताया कि आरोपियों ने उनके साथ करीब 23 लाख की धोखाधड़ी की।



**रोहतक।** विभिन्न गांवों में मनरेगा के तहत करवाए जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण करते सहायक आयुक्त प्रशिक्षु (एसीयुटी) अभिनव सिवाच।

## एसीयुटी सिवाच ने मनरेगा के कार्यों का किया निरीक्षण

# मनरेगा कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश

- नांदल गांव में मनरेगा के तहत निर्मित किए गए पशुओं के शैड का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सहायक आयुक्त प्रशिक्षु (एसीयुटी) अभिनव सिवाच ने जिला के विभिन्न गांवों में मनरेगा के तहत करवाए जा रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा विकास कार्यों में गुणवत्तापूर्ण निर्माण सामग्री प्रयोग करने के निर्देश दिए। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा के निर्देश पर एसीयुटी अभिनव सिवाच ने सर्वप्रथम नांदल गांव में मनरेगा के तहत निर्मित किए गए पशुओं के शैड का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को मनरेगा के मापदंडों के आधार पर विकास कार्य करवाने के निर्देश दिए। अभिनव सिवाच ने



इसके उपरांत लाखन माजरा गांव में मनरेगा के तहत बनाए गए खंड कार्यालय के भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने इस भवन के निर्माण में अपनाए गए मनरेगा के मापदंडों का भी निरीक्षण किया। इसके उपरांत अभिनव सिवाच ने लाहली गांव में मनरेगा के तहत निर्माणाधीन रास्ते का निरीक्षण किया। उन्होंने रास्ते के निर्माण में प्रयोग की जा रही ईंटों का मौके पर निरीक्षण करने के उपरांत अधिकारियों को गुणवत्ता की ईंटें प्रयोग करने के निर्देश दिए।

**जानकारी** 10 से 12 फरवरी तक चुनाव के लिए नामांकन कर सकेंगे वकील

# बार एसो. महम के चुनाव का शेड्यूल जारी 160 वकीलों के वोट अन्य बार में भी


10 से 12 फरवरी तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

बार एसोसिएशन महम के चुनाव का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। रिटर्निंग ऑफिसर एडवोकेट राजेश गोयत, एडिशनल रिटर्निंग ऑफिसर वेदप्रकाश अहलावत, अशोक सिवाच और रविकांत ने चुनाव का शेड्यूल जारी करते हुए बताया कि बार एसोसिएशन चुनाव के लिए 10 से 12 फरवरी तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। नामांकन पत्र जमा करवाने का समय सुबह 11 बजे से शाम तीन बजे तक रहेगा। 13 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। नामांकन पत्रों की जांच का समय दोपहर दो से शाम पांच बजे तक रहेगा। यदि किसी वकील को अपना नामांकन पत्र वापस लेना है तो उसके लिए 14 फरवरी का दिन निर्धारित किया गया है। इस दिन सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। उम्मीदवारों की अंतिम सूची 15 फरवरी को शाम 3 बजे जारी कर दी जाएगी। प्रधान व सचिव पद के लिए 11 हजार रुपए फीस निर्धारित की गई है। जबकि उपप्रधान व ज्वाइंट सेक्रेटरी के लिए 5500 रुपए फीस तय की गई है। 28 फरवरी को प्रधान, उपप्रधान, सचिव और सहसचिव पद के लिए मतदान होगा। चुनाव के बाद लाइब्रेरियन और कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव किया जाएगा।

**महम में वोट डालना है तो दूसरी बार की मतदाता सूची से कटवाना होगा नाम:** रिटर्निंग अधिकारी राजेश गोयत ने 160 ऐसे वकीलों की सूची जारी की है, जिसमें उन्होंने कहा है कि बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा ने यह सूची उनके पास भेजी है। जिसमें इन वकीलों के दूसरी बार एसोसिएशन में भी वोट बने हुए हैं। जिस वजह से इन वकीलों को सूचित किया जाता है कि महम बार एसोसिएशन चुनाव में यदि इन वकीलों को मतदान करना है, तो दूसरी जगह से वोट कटवा कर यहां पर कागजात जमा करवा दें।

अन्यथा महम बार एसोसिएशन की मतदाता सूची से उनका नाम हटा दिया जाएगा। महम बार एसोसिएशन चुनाव के लिए यहां से 422 वकीलों की सूची बार काउंसिल को भेजी जा चुकी है। इनमें से 160 वकील अन्य बार के भी सदस्य हैं। अब इन वकीलों में से कितने वकील महम बार चुनाव में भाग लेंगे। यह तय होना बाकि है। इसके लिए 11 फरवरी दोपहर दो बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। यदि उक्त वकील तब तक यहां मतदान के लिए अपना दस्तावेज जमा नहीं करवाते हैं, तो उनके नाम महम बार एसोसिएशन की मतदाता सूची से हटा दिए जाएंगे।



**महम।** एडवोकेट राजेश गोयत, रिटर्निंग ऑफिसर बार एसोसिएशन महम। फोटो : हरिभूमि

- प्रधान और सचिव पद के लिए 11 हजार रुपये फीस निर्धारित
- चुनाव के बाद लाइब्रेरियन और कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव होगा
- चुनाव के लिए 422 वकीलों की सूची बार काउंसिल को भेजी जा चुकी

# पुलिस ने फोन छीनने के आरोप में दो आरोपियों को धर दबोचा


हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सीआईए-1 व थाना आईएमटी की टीम ने मोबाइल फोन छीनने की वारदात में शामिल रहे दो आरोपियों को गिरफतार किया। थाना आईएमटी के निरीक्षक महेश कुमार ने बताया कि हाल गढी बोहर निवासी अमित की शिकायत के आधार पर जांच शुरु की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 14 नवम्बर 2024 को अमित पानी के टैंकर को लेकर रोहतक शहर की तरफ निकला था। जब अमित दिल्ली बाईपास के पास पहुंचा तो स्कूटी सवार दो युवक आये और ट्रैक्टर के आगे स्कूटी को लगा दिया। एक युवक ने अमित का फोन छीना और स्कूटी पर सवार होकर मौके से फरार हो गये। मामले की जांच सीआईए-1 स्टाफ व थाना आईएमटी की टीम द्वारा संयुक्त रुप से अमल मे लाई गई। सीआईए-1 स्टाफ ने आरोपी अंशुल निवासी सिलानी गेट झज्जर व दीपक निवासी मिर्ज़ापुर खेडी ज़िला सोनीपत को गिरफ़्तार किया। आरोपियो का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा है।

दोनों आरोपी थाना आईएमटी में सन 2024 में दर्ज चोरी के मामले अभियोग संख्या 383 में गिरफ़्तार हो चुके हैं। वे अदालत के आदेश पर ज़मानत पर बाहर आये हुये हैं। इसके अलावा आरोपी अंशुल पर हत्या, स्नैचिंग, अवैध हथियार आदि के 4 मामले दर्ज हैं। सन 2016 में हिसार में आरोपी के खिलाफ डकैती की योजना बनाने का मामला दर्ज है जिसमें आरोपी एक साल की सजा हो चुका है। आरोपी के खिलाफ 2016 में झज्जर के बेरी थाना व शहर झज्जर थाना में स्नैचिंग के एक-एक मामले दर्ज हैं। 2022 में आरोपी के खिलाफ थाना आसौदा, झज्जर में हत्या का मामला दर्ज है



- आरोपियो का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड झज्जर में हत्या का मामला दर्ज



## गुजरी महल

हरियाणा में कई प्रसिद्ध ऐतिहासिक जगहें मौजूद हैं। हरियाणा की ऐतिहासिक जगहें सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि विश्व भर में फेमस है। हिसार में मौजूद गुजरी महल एक प्राचीन और प्रमुख ऐतिहासिक जगह है। इस महल का निर्माण फिरोजशाह तुगलक ने करवाया था। बता दें कि ताजमहल की तरह ही ये भी प्रेम की निशानी है। दरअसल, फिरोजशाह तुगलक ने अपनी प्रेमिका गुजरी के लिए इस महल का निर्माण करवाया था। इस महल के अंदर दीवान–ए–आम और बरदारी भवन भी प्रसिद्ध हैं।

# अंग्रेजों ने हरियाणा क्षेत्र के सहारे किया था शासन

इतिहास

यशपाल गुलिया

अंग्रेजों ने दिल्ली सिंहासन पर अधिकार जमाने के लिए हरियाणा को सहायक बनाने की रणनीति को कारगर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। हरियाणा के उत्तरी और दक्षिणी के इलाकों को अलग-अलग रियासतें और जागीरें बनाकर दिल्ली के तीन तरफ छावनियां गठित करके अंग्रेजों ने शासन किया। हरियाणा में 'बांटो और राज करो' की नीति के तहत प्रलोभन देकर हरियाणा को सहायक बनाकर अपने शासन को सशक्त बनाया। वहीं भारतीय शासक महाराजा रणजीत के निधन के बाद उन्होंने लाहौर से



अफगानिस्तान तक आक्रमण किये। हरियाणा में आज भी अंग्रेजों की गठित छावनियों और और जागीरों के प्रमाण देखे जा सकते हैं। दिल्ली में अंग्रेजी शासन को सशक्त बनाने के लिए हरियाणा को सहायक बनाने की रणनीति के तहत 1803 में जब अंग्रेज अत्याधिक सुनियोजित ढंग से आगे बढ़ते हुए दिल्ली तक पहुंचे तो तत्कालीन परिस्थितियों का सूक्ष्मता से आकलन करते हुए सितम्बर 1803 में दिल्ली पर धावा बोल दिया। तब दिल्ली में नाममात्र बादशाह शाह आलम न केवल अन्धा था, बल्कि मराठा नेता सिन्धिया के संरक्षण में विराजमान था और मराठों का सेनापति जनरल पैरों (फ्रान्सिसि) अंग्रेजों से मिल चुका था। इसलिए अंग्रेजों ने उपलब्ध मराठा सेना से एक दिन का औपचारिक युद्ध करके दिल्ली सिंहासन पर अधिकार किया था। उसके बाद उन्होंने दिल्ली पर अपने शासन को स्थायित्व कायम रखने के लिए नई सैन्य व्यवस्था स्थापित की।

इसके लिए दिल्ली के तीन तरफ स्थित हरियाणा क्षेत्र में नई छावनियां गठित करनी पड़ी। दरअसल, वर्ष 1803 के आस पास वर्तमान



भाड़ावास छावनी में मौजूद खंडहर अवस्था में बारुद खाना के अवशेष।

**अंग्रेजों ने वर्तमान हरियाणा का सम्पूर्ण क्षेत्र अपने सहायकों में बांटकर नई नवाबी तथा जागीरें स्थापित कर डाली। 1804 से झज्जर को रियासत बनाकर निजाबत अली खां को प्रथम नवाब बना दिया। ऐसे ही पटौदी को फैज तलब खां, मेवात व लोहारू को अहमद बक्स खां, दुजाना को अब्दुस समद खां को सौंप दिया।**

हरियाणा क्षेत्र के उत्तर में जीन्द, कैथल, नारायणगढ़, कुन्जपुरा, अम्बाला, पटियाला, लाडवा, रादौर आदि विभिन्न छोटे-छोटे रजवाड़े बने हुए थे। जबकि हरियाणा के दक्षिण पश्चिम में बल्लभगढ़, फरुखनगर, बहादुरगढ़ एवं साथ लगते राजपुताना राज्य थे। इसलिए वे सभी अपने-अपने सैन्य सामर्थ्य अनुसार इकट्ठे होकर दिल्ली स्थित अंग्रेजों के लिए खतरा उत्पन्न कर सकते थे। ऐसी परिस्थितियों में अंग्रेजों ने 'बांटो व राज करो' की नीति के अतिरिक्त प्रलोभन देकर अपने सहायक बनाने की नई रणनीति निर्धारित की थी। नई छावनी बनाने की नीति के अनुसार अंग्रेजों ने सर्वप्रथम 1805 में करनाल को सैन्य ठिकाना बनाया ताकि इससे उत्तर हरियाणा स्थित छोटे-छोटे शासकों पर तो नियन्त्रण रहेगा ही, बल्कि पंजाब की तरफ आगे बढ़ने में भी करनाल छावनी सहायक सिद्ध होगा। इसी प्रकार दक्षिण हरियाणा व राजपुताना राज्यों पर नियन्त्रण रखने के लिए अंग्रेजों ने 1808 के आसपास भाड़ावास में नई छावनी बना ली। भाड़ावास, रेवाड़ी के पास एक गांव है जहां अंग्रेजों के बारुदखानों आदि के खंडहर आज भी देखे जा सकते हैं। यद्यपि 1819 में उन्होंने भाड़ावास छावनी को गुड़गांव मे शिफ्ट कर लिया था, जिसको हिदायतपुर छावनी का नाम दिया गया था।


### हरियाणा में बनाई कई रियासतें

अंग्रेजों ने इन सैन्य तैयारी के साथ-साथ दूसरा महत्त्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कदम नई रियासतें बनाने का उठाया था। उन्होंने वर्तमान हरियाणा का सम्पूर्ण क्षेत्र अपने सहायकों में बांटकर नई नवाबी तथा नई जागीरें स्थापित कर डाली। जैसे 1804 से झज्जर को रियासत बनाकर निजाबत अली खां को प्रथम नवाब बना दिया। ऐसे ही पटौदी को फैज तलब खां, मेवात व लोहारू को अहमद बक्स खां, दुजाना को अब्दुस समद खां को सौंप दिया और उनके सामने दो शर्त थौंप दी गई। इनमें प्रथम तो बाह्य आक्रमण से ये नवाब अपनी सुरक्षा स्वयं करेंगे तथा दूसरी शर्त आवश्यकता पड़ने पर अंग्रेजों को 200-200 घुड़सवार सैनिक उपलब्ध करवाने होंगे। इस प्रकार अंग्रेजों के दिल्ली पर अधिकार करने व अलग प्रकार की शासन व्यवस्था से हरियाणा में पहले से स्थापित छोटे शासक भयभीत हो गए थे। जैसे फरुखनगर, बल्लभगढ़, जीन्द व अन्य सिख शासकों ने अंग्रेजों के सामने नतमस्तक होकर न केवल उनकी प्रभुसत्ता स्वीकार की, बल्कि महाराजा रणजीत से खतरे को देखते हुए अपनी सुरक्षा की गुहार तक लगा डाली। इस प्रकार अंग्रेजों को दिल्ली में अपना शासन सुदृढ़तापूर्वक कायम करने में कोई कठिनाई नहीं हुई। मेवात क्षेत्र के उत्पाती व लुटेरों पर नियन्त्रण करने के लिए विलियम फ्रेंजर को एक नया सैन्य दल गठित करने के आदेश दिए गए। फ्रेंजर ने फिरोजपुर झिरका में उसी एक किलानुमा अहाता बनाकर अपना नया घुड़सवार दल बना लिया।

**अंग्रेजों ने 'बांटो व राज करो' और अतिरिक्त प्रलोभन देकर अपने सहायक बनाने की नई रणनीति निर्धारित की थी। नई छावनी बनाने की नीति के अनुसार सर्वप्रथम 1805 में करनाल को सैन्य ठिकाना बनाया ताकि इससे उत्तर हरियाणा स्थित छोटे-छोटे शासकों पर तो नियन्त्रण रहेगा ही, बल्कि पंजाब की तरफ आगे बढ़ने में भी मदद होगी। इसी प्रकार, दक्षिण हरियाणा व राजपुताना राज्यों पर नियन्त्रण रखने के लिए अंग्रेजों ने 1808 के आसपास भाड़ावास में नई छावनी बना ली**

### रियासतें जब्त कर शासक बने अंग्रेज

सविलियम फ्रेजर का 1835 में फिरोजपुर झिरका के नवाब ने कत्ल करवा दिया। तब तक अंग्रेज अत्यन्त शक्तिशाली शासक बन चुके थे। वे अव्यवस्था का आरोप लगाकर रियासतें व जागीरें जब्त करने लग गए थे। अंग्रेजों को तब एकमात्र शक्तिशाली भारतीय शासक महाराजा रणजीत से भय बना रहता था। यद्यपि 1809 से महाराजा के साथ उन्होंने सन्धि कर रखी थी। लेकिन 1839 में महाराजा रणजीत सिंह की मृत्यु हो जाने पर अंग्रेजों ने लाहौर पर आक्रमण करने की तैयारी आरम्भ कर दी। तब सर्वप्रथम उन्होंने करनाल से कैन्ट को अम्बाला में शिफ्ट किया था, जो आज तक विराजमान है। वर्ष 1820 से 1840 तक अंग्रेजों ने वर्तमान हरियाणा क्षेत्र में नए जिले भी गठित कर दिए थे। इससे उनको भूमिकर व लगान प्राप्त करने में सुगमता हो गई थी। इसी प्रकार अंग्रेजों को लाहौर व अफगानिस्तान तक अपना साम्राज्य स्थापित करने में हरियाणा क्षेत्र से उनको अत्यन्त सहायता प्राप्त हुई थी। 1857 का स्वतन्त्रता संग्राम दबाने में भी अंग्रेजों को अम्बाला छावनी सहायक सिद्ध हुई थी। उन्होंने सिरख शासकों की सहायता से अम्बाला में एक बड़ी सेना इकट्ठी करके करनाल व पानीपत के रास्ते दिल्ली की रिज पर पड़ाव लगा लिया था और चार मास तक सेनानियों से युद्ध करके सितम्बर 1857 में दिल्ली पर दोबारा कब्जा कर लिया था।




करनाल कैंट का चर्च टॉवर जोकि 1830 के आसपास अंग्रेजों द्वारा बनाया गया था।

## काव्य संग्रह 'अस्मिता' के अनुवाद से पवन गहलोत ने बनाई पहचान



आजकल प्रसिद्ध साहित्यिक कृतियों का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद होने लगा है। इसी कड़ी में रोहतक के उभरते लेखक और अनुवादक पवन गहलोत ने हरियाणा साहित्य अकादमी की पूर्व अध्यक्ष डॉ. मुक्ता की पुस्तक 'अस्मिता' का हरियाणवी में अनुवाद करके इस क्षेत्र में अपने शहर का नाम दिल्ली में आयोजित होने वाले विश्व पुस्तक मेले तक पहुंचाया है। इस काव्य संग्रह की अधिकतर कविताएं नारी सशक्तिकरण का संदेश देती हैं। इसकी कुछ कविताओं में पौराणिक संदर्भों का भी जिक्र है जिनकी अनुवाद आमतौर पर जटिल समझा जाता है। दिल्ली में आयोजित विश्व पुस्तक मेले में यूनिक फील प्रकाशन के प्रधान संपादक प्रशांत श्रीवास्तव के साथ इस काव्य संग्रह और अनुवाद के बारे में चर्चा के दौरान पवन गहलोत ने बताया कि अनुवाद के द्वारा किसी भी साहित्यिक कृति के पाठकों का दायरा बढ़ता है। आने वाले समय में अनुवाद के




क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। वे कहते हैं कि अनुवादक का कार्य चुनौती भरा होता है लेकिन एक समर्पित अनुवादक सतत परिश्रम और धैर्य का परिचय देते हुए किसी एक भाषा के साहित्य को दूसरी भाषा के पाठकों के लिए सुलभ करवाता है।

कविता

कुमार



## मां-बाप का प्यार

माँ-बाप का प्यार सच्चा होवे,
जग में इन जैसा ना कोई होवे।
माँ के आँचल तले सुख ही सुख,
पिता की छाया ज्यों पेड़ की छुक।

माँ के हाथ की रोटी मिठ्ठी,
पिता की मेहनत हर दिन सच्ची।
माँ की गोदी जन्नत लागे,
पिता बिना दिल वीरान भागे।

माँ के आँसू मोती जैसे,
पिता के सपने सोने जैसे।
माँ के आँचल की ठंडक न्यारी,
पिता की सीख बिना जीवन भारी।

माँ हर दुख को खुद सहती,
पिता छाया बनकर रह ले।
माँ की दुआएं साथ निभावे,
पिता की मेहनत रंग दिखावे।

माँ-बाप रोवें तो दिल दुखे,
बिन इनके जीवन अधूरे लगे।
इनकी सेवा जो भी जन करे,
उसका घर भी स्वर्ग बने।

जो माँ-बाप की कदर न जाने,
वो जीवन भर पछतावे।
इनकी दुआ से ही सुख आए,
हर मुश्किल राह आसान हो जाए।

ये जन्म पहला हो या आखरी,
कुमार ने दुआ बस एक करी,
चाहे भगवन जिंदगी दिए दो पल की,
मात-पिता ने खुशियाँ दिए जीवन भर की।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

दृष्टिकोण

**विज्ञान और आयुर्वेद दोनों में ही धोती पहनने को स्वास्थ्य और शरीर की ऊर्जा संतुलन के लिए माना गया है अत्यंत लाभकारी**



# परंपरा ही नहीं, स्वास्थ्यवर्धक भी है धोती पहनना

परिधान

डॉ. आशा कुमारी

जब मैं 'जेंटलमैन' शब्द कहती हूँ, तो आपके दिमाग में कौन-सी छवि उभरती है? लगभग सभी लोगों के लिए यह एक स्मार्ट, आधुनिक व्यक्ति होगा, जो थ्री-पीस सूट और टाई पहने हुए होगा। यदि हम 'जेंटल' शब्द का अनुवाद देखें, तो इसका अर्थ 'कोमल' होता है। फिर हमने इस शब्द को केवल एक पश्चिमी पोशाक से क्यों जोड़ दिया, जबकी यह वास्तव में एक व्यक्तित्व गुण को दर्शाता है? तकनीकी रूप से, 'जेंटलमैन' शब्द को हर सभ्यता में अलग-अलग परिधानों में प्रस्तुत किया जा सकता है। तो कभी-कभी मैं सोचती हूँ कि बच्चों की किताबों में एक पगड़ी, कुर्ता और धोती पहने व्यक्ति को 'जेंटलमैन' के रूप में क्यों नहीं दर्शाया जाता?

मैं इस लेख के माध्यम से धोती पहनने के वैज्ञानिक लाभों पर प्रकाश डालना चाहती हूं। हालांकि भारत के कुछ हिस्सों में इसे आज भी रोजमर्रा की ज़िंदगी में पहना जाता है, लेकिन हरियाणा में यह सिर्फ़ पुरानी पीढ़ी की एक बीती कहानी बनकर रह गई है। गाने और फ़िल्में भी इस परंपरा को दोबारा जीवंत नहीं कर पा रहे हैं। भारत में धोती सांस्कृतिक धरोहर नहीं, बल्कि एक वैज्ञानिक रूप से संतुलित पोशाक भी है, जो शरीर को प्राकृतिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद करती है। यह हजारों वर्षों से भारतीय पुरुषों द्वारा पहनी जाती रही है, चाहे वह संत-महात्मा हों, विद्वान हों या फिर किसान।

विज्ञान और आयुर्वेद दोनों ही धोती पहनने को स्वास्थ्य और शरीर की ऊर्जा संतुलन के लिए लाभकारी मानते हैं। आधुनिक पैंट या जींस टाइट फिटिंग के कारण शरीर के निचले हिस्से में रक्त संचार को बाधित कर सकती हैं। लेकिन धोती ढीली होती है और शरीर को पूरा आराम देती है, जिससे रक्त का प्रवाह सुचारू रूप से चलता रहता है। यह विशेष रूप से उन लोगों के लिए फायदेमंद है, जो लंबे समय तक बैठकर काम करते हैं या ज्यादा चलने-फिरने वाले कार्यों में



लगे होते हैं। धोती प्राकृतिक रूप से शरीर को ठंडा रखती है। भारत जैसे गर्म और आर्द्र जलवायु वाले देश में यह शरीर के तापमान को नियंत्रित करने में सहायक होती है। वैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाए तो पुरुषों के लिए अधिक टाइट कपड़े पहनना उनके प्रजनन स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। टाइट पैंट या अंडरगारमेंट्स अंडकोष के तापमान को बढ़ा सकते हैं, जिससे शुक्राणु उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। धोती पहनने से यह समस्या नहीं होती, क्योंकि यह शरीर के निचले हिस्से को खुला और हवादार बनाए रखती है, जिससे प्रजनन स्वास्थ्य बेहतर बना रहता है। यह पसीने को जल्दी सोख लेती है और त्वचा संक्रमण से बचाव करती है। धोती पहनने से रैशेज़ और फंगल इंफेक्शन जैसी समस्याएं भी कम होती हैं। एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, जिसमें 2,000 ब्रिटिश पुरुषों को शामिल किया गया, टाइट फिटिंग जींस पहनने से मूत्र संक्रमण (यूटीआई), वैरिकोसील, अंडकोष के मुड़ने, मूत्राशय की कमजोरी और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। 2013 की एक समीक्षा के अनुसार, टाइट कपड़े पहनने से मेराल्जिया पैरास्टेटिका नामक रीढ़ की हड्डी की एक नस दबने की समस्या हो सकती है। यह स्थिति जांघ के किनारे सुन्नपन, झनझनाहट और दर्द का कारण बन सकती है। भारत जैसे गर्म और आर्द्र जलवायु वाले देश में सूती वस्त्र सबसे अधिक आरामदायक और त्वचा के लिए अनुकूल माने जाते हैं। सूती कपड़ा नरम और हल्का होता है, जो त्वचा के लिए आरामदायक रहता है। यह किसी भी प्रकार की जलन, खुजली या एलर्जी नहीं पैदा करता, इसलिए संवेदनशील त्वचा वाले लोगों के लिए सबसे अच्छा विकल्प है। सूती कपड़ा गर्मी के मौसम में शरीर को ठंडा रखने में मदद करता है। यह हवा को पास होने देता है, जिससे त्वचा को ताजगी महसूस होती है और पसीना जल्दी सूख जाता है।कृत्रिम कपड़ों की तुलना में सूती कपड़ा बैक्टीरिया और फंगल संक्रमण से बचाव करता है। यह हानिकारक केमिकल्स से मुक्त होता है, जिससे त्वचा की सुरक्षा बनी रहती है। सूती कपड़ा प्राकृतिक रूप से उपलब्ध होता है और पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाता। यह बायोडिग्रेडेबल होता है और प्लास्टिक या सिंथेटिक कपड़ों की तरह प्रदूषण नहीं फैलाता।

आजकल फैशन और कम लागत के कारण सिंथेटिक (कृत्रिम) कपड़े और रासायनिक रंगों का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि, ये कपड़े और रंग हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। सिंथेटिक कपड़े मुख्य रूप से नायलॉन, पॉलिएस्टर, रेयान और ऐक्रेलिक जैसे कृत्रिम रसायनों से बनाए जाते हैं, जो त्वचा और शरीर पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। इसके अलावा, कपड़ों में इस्तेमाल होने वाले रासायनिक रंग (डाई) भी कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं जैसे एलर्जी और खुजली, एक्जिमा और संपर्क डर्मेटाइटिस, फंगल संक्रमण, अस्थमा, हार्मोन असंतुलन और कैंसर आदि। धोती शरीर को मुक्त रखती है और नसों तथा मांसपेशियों को प्राकृतिक रूप से आराम देती है।

धोती के कुछ और फायदे भी हैं, जैसे इसे सीलने की कोई ज़रूरत नहीं होती क्योंकि आप इसे खुद लपेटते हैं। यह पूरी तरह से व्यक्तिगत (सुपरपर्सनलाइज़्ड) होती है। भरपेट भोजन के बाद कमर कसने की चिंता करने की भी ज़रूरत नहीं पड़ती। आज के दौर में लोग धोती को पुरानी सोच से जोड़कर देखते हैं, लेकिन इसके वैज्ञानिक लाभों को समझने के बाद इसे फिर से अपनाने की जरूरत है। आधुनिकता की दौड़ में हमें अपनी पुरानी परंपराओं को पूरी तरह से छोड़ना नहीं चाहिए, बल्कि उनके वैज्ञानिक पहलुओं को समझकर उन्हें फिर से अपनाने का प्रयास करना चाहिए। धोती पहनना सिर्फ एक सांस्कृतिक परंपरा नहीं, बल्कि विज्ञान-सम्मत, स्वास्थ्यवर्धक और सुविधाजनक विकल्प भी है।

# सिनेमा को दर्शकों और सरकार का चाहिए सहयोग : संगीता

कलाकार

डॉ. तबस्सुम जहां

हरियाणवी सिनेमा में संगीता देवी किसी परिचय की मोहताज नहीं है। अपनी ग़ज़ब की अदाकारी से हरियाणवी सिनेमा में छा जाने वाली यह अभिनेत्री अब तक की 54 फिल्मों और वेबसीरीज़ के साथ-साथ 7



बॉलीवुड और एक पंजाबी फिल्म कर चुकी हैं। बॉलीवुड फिल्म 'हरियाणा' और पंजाबी फिल्म कुड़ी हरियाणे वाली, स्टेज ऐप पर 'चंद्रो का चूल्हा' में उनके 3 एपीसोड हैं। संगीता देवी ने हरियाणवी परिधान में स्टेज ऐप पर हरियाणवी संस्कृति और पहनावा दोनों को प्रमोट किया है। इनकी आने वाली फिल्मों में अग्निवीर जैसे कई नाम हैं। इन सबसे अलग उनकी पेंटिंग की दुनिया है। क्राफ्ट और पर्यावरण के लिए समर्पित इन्होंने 3000 से ज्यादा पेड़ लगाए हैं। इसके अलावा कला जीवन समिति के तहत आर्ट वर्कशॉप, गरीब बच्चों की पढ़ाई में हर संभव सहायता करना, हरियाणवी खानपान और पहनावे को बढ़ावा देना ही उनका मुख्य उद्देश्य है।

संगीता देवी का जन्म हरियाणा के भिवानी जिले के गांव बामला में हुआ। इनके पिता गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल में अध्यापक थे। दादी का हरियाणवी क्राफ्ट बहुत अच्छा था। उनके प्रभाव से ही संगीता ने भजन, कीर्तन, शादी-ब्याह के गीत, जकड़ी, त्यौहार के गीत सब उनके साथ रहकर सीखे।





10वीं के बाद शादी हो गई और पढ़ाई पर भी रोक लग गई थी। शादी के बाद उनके जीवन में अनेक उतार-चढ़ाव आए। आर्थिक विसंगति से जूझते हुए शादी के बाद नेशनल ओपन से 12वीं पास की। आदर्श महिला महाविद्यालय से बीए-बीएड की। इन्होंने एंडी हरियाणा टीवी चैनल से जुड़कर अनेक गीत करने के अवसर मिले। वह धीरे-धीरे फिल्म लाइन से भी जुड़ गई। इनकी अभिनय की शुरुआत डायरेक्टर संदीप बसवाना की बॉलीवुड फिल्म 'हरियाणा' से हुई। हरियाणवी सिनेमा में आए उतार-चढ़ाव के संबंध में पूछने पर संगीता देवी का मानना है कि हरियाणा में फिल्म 'चंद्रावल' की धूम आज भी है। उसके बाद दर्जनों फिल्में आई। इनमें कुछ उम्दा भी रहीं लेकिन कोई भी फिल्म जनता का ध्यान नहीं खींच पाई। एक लंबे अर्से के बाद हरियाणवी संस्कृति एक बार फिर से जी उठी, जब यशपाल शर्मा ने ऐतिहासिक फिल्म 'दादा लखमी' बनाई। स्टेज एप पर अपने काम करने के अनुभव के बारे में संगीता देवी बताती हैं कि उन्होंने स्टेज ऐप के साथ काफी प्रोजेक्ट किए हैं जैसे चंद्रो का चूल्हा, ओपरी पराई, जिद, गौरव की स्वीटी, रंडुआ रामफल आदि। वे बताती हैं कि स्टेज एप के साथ काम करने का उनका बहुत अच्छा अनुभव रहा है। सरकार फिल्म बनाने के लिए जो पॉलिसी लेकर आई है उसके संदर्भ में संगीता का मानना है कि इसका लाभ अभी तक किसी को नहीं मिला है। जब मिलना शुरू होगा तो लोग और अच्छा काम कर पाएंगे। प्रोड्यूसर भी पैसा लगाने से घबराएंगे नहीं। इसके ज़रिए हरियाणवी फिल्मों का एक सुखद भविष्य देखा जा सकता है। उन्हें यक़ीन है कि यदि सरकार सहायता करती है तो जरूर बदलाव ज़रूर आएंगे। आने वाले समय में संगीता देवी हरियाणवी सिनेमा को एक बदलाव के रूप में देख रही है। उनका मानना है कि अब लोग जागरूक हो रहे हैं बिना किसी चमक धमक के रियल काम हो रहा है। संस्कृति के साथ संस्कारों की बात हो रही है। आने वाला समय वह काफ़ी अच्छा देख पा रही हैं। हरियाणवी में फिल्में तो बन रही हैं लेकिन थियेटर में लोगों के न आने के क्या कारण हैं, इस पर संगीता देवी ने बताया कि इसे जनता में जागरूकता की कमी कहें या लोगों का सुविधा भोगी, कुछ भी कहना मुश्किल है। आजकल इतने ओटीटी प्लेटफार्म मिल गए हैं उनसे घर बैठे फोन में ही सब कुछ दिख रहा है। लोगों को घरों से बाहर निकालने के लिए अच्छे कॉन्सेप्ट चाहिए। अच्छे प्रचार की भी आवश्यकता है। अच्छी फिल्मों के साथ-साथ अच्छा प्रचार भी चाहिए।

### थियेटर के प्रति दर्शकों का रुझान कम

अभिनेत्री संगीता देवी का मानना है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म आने से थियेटर के प्रति दर्शकों का रुझान कम हो रहा है। जब बहुत सारे ओटीटी प्लेटफार्म होते हैं तो लोग फिर सुविधाएं देखने लगते हैं। ओटीटी प्लेटफार्म पर फिल्म हो या वेबसीरीज़, घर बैठे देखने को मिल जाती हैं। दर्शकों का रुझान कुछ समय के लिए कम हो सकता है पर ख़त्म जैसी कोई बात नहीं है। आज भी लोग काफी संख्या में फिल्में सिनेमा घर में देखते हैं। लोगों के स्पोर्ट और सरकार की सहायता से कुछ और अच्छे प्रयास करने जरूरी हैं जिनसे लोग घरों से निकलने को मजबूर हों।

## खबर संक्षेप



रोहतक। राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में एनएसएस वालंटियर्स को सम्बोधित करते महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी।

### संवेदी संचार कौशल के महत्व को रेखांकित किया

**रोहतक।** सामुदायिक सेवा को जीवन का अंग बनाने तथा वोलंटीयरिज्म को जीवन पर्यंत जारी रखने का संदेश रविवारको महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के निदेशक जनसंपर्क सुनित मुखर्जी ने महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में एनएसएस वालंटियर्स को दिया। समीपवर्ती गांव मायना में आयोजित इस एनएसएस शिविर में बतौर आमंत्रित वक्ता सुनित मुखर्जी ने कम्युनिटी सर्विस के लिए जरूरी संवेदी संचार कौशल के महत्व को रेखांकित किया। सुनित मुखर्जी ने कहा कि करुणामय संचार समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाज के हाशिए पर रह रहे लोगों, वंचित समाज के बारे में सोचना होगा।सुनित मुखर्जी ने कहा कि विभिन्न सामाजिक सरोकारों तथा सामुदायिक कार्यों से वालंटियर्स को जुड़ना होगा। उन्होंने प्रभावी संचार-मौखिक तथा लिखित के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। वरिष्ठ प्राध्यापिका डा. सविता मलिक ने आभार प्रदर्शन किया। प्रारंभ में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. सोफिया जाखड़ ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर एनएसएस वालंटियर्स उपस्थित रहे।

### मकान में चोरी करने घुसा था युवक, पकड़ा गया

**गोहाना।** गोवर्धन कालोनी में बंद मकान में चोरी की नीयत से घुसे युवक को पकड़ लिया। जब युवक मकान में घुसा हुआ था तभी मकान मालिक पहुंच गया। युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। शहर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। जींद रोड स्थित राम गली में रहने वाले रणबीर चहल ने पुलिस को बताया कि उसका एक मकान गोवर्धन कालोनी में है। मकान को बंद किया गया था। वह शनिवार को अपने बंद मकान को संभालने के लिए गया था। वहां एक युवक चोरी की नीयत से घुसा मिला।

## बाबा मस्तनाथ मठ अस्थल बोहर में माही चौदस का मेला आज से

# सिद्ध शिरोमणि बाबा चौरंगीनाथ महाराज व सिद्ध योगिनी पाई देवी की होती है पूजा

यह मेला बाबा मस्तनाथ की पुण्य स्मृति के मेले से पहले लगता है। बाबा मस्तनाथ की स्मृति में हर साल फाल्गुन महीने के शुक्ल पक्ष की सप्तमी, अष्टमी और नवमी को तीन दिनों का बड़ा मेला लगता है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

धार्मिक आस्था का प्रतीक बाबा मस्तनाथ मठ अस्थल बोहर में माही (माई) चौदस का दो दिवसीय भव्य मेला 10 और 11 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मठ को आकर्षक रूप से सजा दिया गया है। यह मेला हर साल माघ माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को आयोजित किया जाता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु हिस्सा लेते हैं। इस मौके पर सिद्ध शिरोमणि बाबा चौरंगीनाथ महाराज एवं सिद्ध योगिनी पाई देवी की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है।

यह मेला बाबा मस्तनाथ की पुण्य स्मृति के मेले से पहले लगता है। बाबा मस्तनाथ की स्मृति में हर साल फाल्गुन महीने के शुक्ल पक्ष की सप्तमी, अष्टमी और नवमी को तीन दिनों का बड़ा मेला लगता है। इस वर्ष 6, 7, 8 मार्च को बाबा मस्तनाथ की स्मृति में मेला आयोजित किया जाएगा। अस्थल बोहर मठ नाथ संप्रदाय का एक प्रमुख तीर्थ स्थल है और इसकी ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है। आसपास के गांवों के साथ-साथ विभिन्न राज्यों से भी श्रद्धालु यहां आते हैं और अपनी मन्नतें मांगते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस मठ के समाधि स्थल पर श्रद्धा पूर्वक माथा टेकने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। माई चौदस के इस मेले का विशेष महत्व है, जिसमें श्रद्धालु सेवा भाव से भाग लेते हैं।

**सैकड़ों वर्ष पुराना है इतिहास:** अस्थल बोहर मठ का इतिहास सैकड़ों वर्ष पुराना है और इसे नाथ संप्रदाय का एक महत्वपूर्ण केंद्र माना जाता है। मान्यता है कि इस स्थान पर सिद्ध बाबा चौरंगीनाथ ने कठोर तपस्या की थी। बाद में बाबा मस्तनाथ ने इस पावन स्थल का जीर्णोद्धार किया और इसे एक भव्य मठ का स्वरूप प्रदान किया। बाबा मस्तनाथ अपनी सिद्धियों और गहन तपस्या के कारण गोरखनाथ के अवतार माने गए। आज भी यह मठ नाथ संप्रदाय के अनुयायियों के लिए एक प्रमुख गद्दी है, जहां योग, ध्यान और साधना की परंपराएं जीवंत हैं। मठ परिसर में स्थित समाधि स्थल श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। यहां पर भक्तग घी के दीप जलाकर और गुड़-कंबल का दान करके पुण्य लाभ प्राप्त करते हैं। मेले के दौरान मठ में विशेष व्यवस्था की जाती है ताकि सभी श्रद्धालु इस पुण्य अवसर का लाभ उठा सके।माई चौदस का यह मेला केवल एक धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर एक पर्व है, जो भक्तों को शांति, संतोष और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। नाथ संप्रदाय की समृद्ध परंपराओं को संजोए यह मेला हर साल हजारों श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करता है और उन्हें आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करता है। बाबा मस्तनाथ मठ का यह ऐतिहासिक और धार्मिक आयोजन केवल आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि भारत की समृद्ध संत परंपरा का जीवंत उदाहरण भी है।

## विश्व पुस्तक मेले में पवन गहलोत के काव्य संग्रह पंखों की चाहत की चर्चा



**रोहतक।** दिल्ली में आयोजित विश्व पुस्तक मेले में एक पुस्तक चर्चा के कार्यक्रम के दौरान रोहतक के युवा कवि पवन गहलोत के काव्य संग्रह पंखों की चाहत के बारे में विभिन्न विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किए। कवयित्री सोनिका पंवार 'सवेरा' ने पवन गहलोत के काव्य संग्रह पंखों की चाहत के बारे में अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा इस संग्रह की कविताएं एकदम जमीन से जुड़ी कविताएं हैं। इस काव्य संग्रह में उन्होंने स्त्री विमर्श, देशभक्ति, मानवीय रिश्ते, सामाजिक सद्भावना आदि से संबंधित विभिन्न पहलुओं को बड़ी बारीकी से पाठकों के सामने प्रस्तुत किया है। उनकी कविताएं पाठक को एक नए सिरे से सोचने का अवसर प्रदान करती हैं। अरबिंदो कॉलेज (दिल्ली यूनिवर्सिटी) की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. दीपा ने कहा कि पवन गहलोत की कविताएं वर्तमान समय के यथार्थ को प्रस्तुत करते हुए जीवन में तमाम विकटताओं के बावजूद सकारात्मकता का आह्वान करती हैं। उन्होंने अपनी कविताओं के माध्यम से मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं को मार्मिकता के साथ छूने का प्रयास किया है।

**जीवन की कठिनाइयों और समस्याओं का जिक्र:** दिल्ली विश्वविद्यालय के पीजीडीएवी कॉलेज (सांध्य) के हिंदी विभाग के प्रोफेसर डॉ. हरीश अरोड़ा ने बताया कि मानवीय संबंधों, मानव जीवन से जुड़ी छोटी-छोटी समस्याओं और राष्ट्रचेतना जैसी संदर्भों को बड़ी गंभीरता के साथ उठाते हैं। जिनकी आज के समय में बेहद आवश्यकता है। उनकी कविताएं आम आदमी की रोज़मर्रा के जीवन की कठिनाइयों और समस्याओं का जिक्र करते हुए पाठकों को इस बात के लिए प्रेरित करती हैं कि उनसे बाहर निकलने का रास्ता वे खुद तैयार करें। इस अवसर पर प्रवीन गहलोत, मनोज कुमार, संजय धौलपुरिया, अविरल अभिलाष मिश्रा, सचिन रेशमी झा सहित विभिन्न हिंदी विषय के कई शोधार्थी एवं कई साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

# हवन से हवा होती है शुद्धः डॉ. जगदेव

## हवन कुंड का परिमाप शास्त्र के अनुसार होना चाहिए

- शतपथ ब्राह्मण में हवन को विश्व का श्रेष्ठतम कर्म बताया गया : डॉ . जगदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



हवन करने से जलवायु की शुद्धि होती है। हवन के साथ वेदमंत्रों का पाठ करने से वेदों की रक्षा होती है। वृक्षारोपण एवं हवन प्रदूषण से रक्षा के अचूक साधन हैं। यह विचार आर्य पारिवारिक सत्संग सभा द्वारा वैदिक भक्ति साधन आश्रम में आयोजित सत्यार्थ-प्रकाश कक्षा में डॉ. जगदेव सिंह ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हवन नित्य कर्म है। हवन कुंड का परिमाप शास्त्र के अनुसार होना चाहिए। शतपथ ब्राह्मण में हवन को विश्व का श्रेष्ठतम कर्म बताया गया है। सभा के मंत्री सचिन दुआ ने बताया कि प्रत्येक मास के दूसरे एवं चौथे रविवार को सुबह 11:30 बजे सत्यार्थ प्रकाश कक्षा का निशुल्क आयोजन किया जाता है। इस मौके पर प्रो. सुरेंद्र कुमार, आचार्य प्रविंद्र, बलराज खुराना, देसराज आर्य, राकेश चावला, अंकुर अरोड़ा, संजीव सचदेवा, विकास भयाना आदि उपस्थित रहे।

# नहरों के पानी को रखें स्वच्छ : डॉ. जसमेर सिंह

- जाट कन्या महाविद्यालय में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय के सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर के छठे दिन स्वयंसेविकाओं को पेड़ लगाने, पेड़ बचाने, पर्यावरण व पानी बचाने, जल जनित बीमारियों के प्रति आगाह करने के साथ-साथ रक्तदान करने जैसे विषय पर ज्ञानवर्धन किया गया । मायना गांव में लगाए शिविर में सुनो नहरों की पुकार मिशन टीम पहुंची। मिशन के मुख्य संरक्षक डॉ. जसमेर ने छात्राओं से पानी बचाने और नहरों व नदियों में कुछ भी सामान ना प्रवाहित करने का आह्वान किया। शिक्षक व पर्यावरण प्रेमी दीपक छारा ने गीत के माध्यम से संदेश दिया कि लाडो सुनो पेड़ लगाना हे राम बुरा है पेड़ काटना।

इन्हीं के कारण बारिश है होती है, यह फूल भी देते, यह छाया भी देते, इन्हें बचाना हम सबकी जिम्मेदारी। लाडो सुनो पेड़ लगाना। उन्होंने पेड़ वायु और जल के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

### जल जनित बीमारियों की जानकारी दी

स्वास्थ्य कार्यकर्ता व साइक्लिस्ट मुकेश नैनकवाल ने छात्राओं को जल जनित बीमारियों के बारे में जानकारी दी और अपने स्वास्थ्य के साथ-साथ अन्य लोगों के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ नागरिक एक स्वस्थ समाज का निर्माण करता है। सभी छात्राओं को पानी बचाने और नहरों, नदियों में कुछ भी सामान प्रवाहित न करने का संकल्प भी दिलवाया गया। जिसमें सुनो नहरों की पुकार मिशन के मुख्य संरक्षक, डॉ. जसमेर सिंह, संरक्षक दीपक छारा, महासचिव मुकेश नैनकवाल, सचिव अजय हुड्डा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सविता मलिक व डॉ. सोफिया आदि मौजूद रहे।

# एसआरएस में मनाया वार्षिकोत्सव

## विद्यार्थियों ने हरियाणवी व पंजाबी नृत्य प्रस्तुत किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एसआरएस पब्लिक स्कूल 44वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। निदेशक निर्मल शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। छात्रों ने हरियाणवी, पंजाबी, नृत्य प्रस्तुत किया। माता पिता ने अपने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रतिभावन विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. सुमित शर्मा ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मनमोहन सिंह, एडी पासवान, डॉ. केडी पाण्डेय, सुरेश गुप्ता, विवेक शर्मा, योगेश, केएल मलिक सहित अन्य मौजूद रहे।



# हेल्थ चेकअप कैंप में 84 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**रोहतक।** वैद्य केसर दास सेवा समिति की तरफ से आर्युवेदिक हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन सावन बैंकट हाल के सामने वैद्य केसर दास लैब में किया गया। समिति के संचालक राजेश सिंधवानी ने बताया कि कैंप में 84 लोगों का इलाज आर्युवैदिक विधि से किया गया। समिति की ओर से आयुर्वेदिक दवाइयां मुफ्त दी गई। अधिकतर मरीज पथरी, खांसी, शुगर, जुकाम, बुखार, गला, गदूद, बवासीर आदि के थे। इस अवसर पर विनोद जुनेजा, संजीव सचदेवा, जय सिंधवानी, आकाश सिंधवानी, कुणाल जुनेजा आदि मौजूद रहेद।

# विद्यार्थियों को बताए चिंतामुक्त होकर परीक्षा देने के उपाय

- नॉन बोर्ड क्लास के विद्यार्थियों को तिथिपत्रक एवं वार्षिक परीक्षा के पाठ्यक्रम की प्रतिलिपि वितरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम



**महम।** आर्य स्कूल मदीना में आयोजित शिक्षक अभिभावक मीटिंग में भाग लेते शिक्षक, विद्यार्थी व अभिभावक। फोटो : हरिभूमि

आर्य स्कूल मदीना के प्रांगण में शिक्षक अभिभावक सभा आयोजित की गई। सभा में नॉन बोर्ड क्लास के विद्यार्थियों को तिथिपत्रक एवं वार्षिक परीक्षा के पाठ्यक्रम की प्रतिलिपि वितरित की गई तथा बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा हेतु सीबीएसई द्वारा संप्रेषित प्रवेशपत्रक भी हस्तांतरित किए गए। विद्यालय के फोटोन फाउंडेशन विभाग के वरिष्ठ अध्यापकों ने आगामी सत्र के लिए 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। सभा में अध्यापकों और मनोचिकित्सकों द्वारा विद्यार्थियों को चिंता,अवसाद और तनाव मुक्त होकर परीक्षा देने के विभिन्न उपाय बताए गए। प्राचार्य अशोक दांगी ने बच्चों के करियर को लेकर अभिभावकों के साथ विचार मंथन किया और सामान्य से लेकर उत्कृष्ट प्रतिभा संपन्न छात्रों तक सबका उचित मार्गदर्शन करते हुए उद्देश्य पूर्ण ढंग से पढ़ते हुए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि आसपास के कई गांव के अभिभावक अपने बच्चों के साथ सभा में उपस्थित हुए और अपने सुझाव सांझा किए।

## आर्य समाज के संस्थापक और देशभक्त महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती का आयोजन

# महर्षि दयानंद ने वेदों के प्रचार-प्रसार के लिए आर्य समाज की स्थापना की

नारियों को शिक्षित करने छुआछूत को दूर करने, गौ हत्या बंद करने पर दिया जोरः मंत्री मीना भाटिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महाशय धर्मचंद गांधी आर्य समाज मंदिर मानसरोवर कालोनी में आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानन्द सरस्वती की जयंती का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज की मन्त्री मीना भाटिया ने कहा कि 200 वर्ष पूर्व भारत की पवित्र भूमि पर गुजरात राज्य के काठियावाड़ जिले के टंकारा गांव में 12 फरवरी 1824 को वेदों का सूर्य उदय हुआ था।

महर्षि दयानन्द ने वेदों के प्रचार-प्रसार के लिए आर्य समाज की स्थापना की थी। उन्होंने नारियों को शिक्षित करने, छुआछूत को दूर करने, गौ हत्या बंद करने और स्वतंत्र भारत की कामना पर बल दिया। वैदिक भजनोपदेशिका संतोष आर्या ने सत्संग में प्रभु भक्ति व ऋषि भक्ति के भजन कभी कोई आए यहां कभी कोई जाए रे, दुनिया के वाली तेरा कोई भेद न पाए रे; दाता तेरे सुमिरन का वरदान जो मिल जाए, मुरझाए कली दिल की एक आन में खिल जाए, वेद पढ़ा जाए और हवन किया जाए, ऐसे परिवार को ही स्वर्ग कहा जाए अगर ऋषिवर की बातों पर जमाना चल गया होता, तो ये आंधी नहीं उठती और ये तूफान टल गया होता आदि प्रस्तुत किए। आचार्य बृजकिशोर शास्त्री ने वैदिक मंत्रों से यज्ञ करवाया। यजमान डॉ. रोहतास देसवाल रहे। आचार्य बृजकिशोर शास्त्री ने कहा कि यज्ञ द्वारा हमें अपने पूर्वजों को भी स्मरण करते रहना चाहिए। माता ब्रह्मवती ने भी यज्ञ की महता बताते हुए भजन प्रस्तुत किया।



### ये रहे उपस्थित

सत्संग में नन्दलाल गांधी, विजय नासा, सुरेंद्र बरेजा, राजेश जैन, कृष्णा गांधी, फूला रानी आदि उपस्थित रहे।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE
Dr. Kawatra TRUST BUILDER'S
नि:संतान दम्पत्तियों
को शादी के सालों साल बाद जब हमारे ईलाज से उन दम्पत्तियों को संतान सुख प्राप्त हुआ, उन लाभार्थ दम्पत्तियों के नाम व पते हमारे पास सुरक्षित हैं।
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

श्री गणेशाय नमः
श्री बालाजी ज्योतिष केन्द्र
म.नं. 232, सैक्टर 14, हिसार
मो. 8571024131, 8708655938
प्यार मोहब्बत, किया/कराया, जादु-टोना, गुप्त दुश्मन, सौतन, नजर दोष, विदेश यात्रा, सास बहु/पति पत्नी में अनबन कारोबार में बरकत ना होना, पशुधन बर्बाद होना, धन की बर्बादी, पढाई में मन न लगना, विवाह में देरी, नौकरी में प्रमोशन
समस्या कैसी भी हो, जड़ से होगी खत्म जब कभी भी ना बना हो काम तो होगा गारन्टिड समाधान
पं. तुषार शर्मा
गोल्ड मेडलिस्ट
हर रोज मिलें सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक

दिल्ली की जनता ने केंद्र सरकार व प्रधानमंत्री की नीतियों पर मोहर लगाई

# अरविंद केजरीवाल करते हैं झूठ की राजनीति: डा. कृष्ण लाल मिड्ढा




रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण लाल मिड्ढा व पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर की मामी सुमित्रा देवी के निधन पर उनके निवास पर शोक व्यक्त करते हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा। फोटो : हरिभूमि

विस उपाध्यक्ष बोले, पहले से ही तय था कि इस बार दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी, क्योंकि अरविंद केजरीवाल ने चुनाव के दौरान यमुना के पानी को लेकर हरियाणा पर झूठे आरोप लगाए थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणाम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के झूठ की राजनीति का पर्दाफाश कर दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने केंद्र सरकार व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर मोहर लगा दी है।

विधानसभा उपाध्यक्ष रविवार को रोहतक में पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर के आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह पहले से ही तय था कि इस बार दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी, क्योंकि अरविंद केजरीवाल ने चुनाव के दौरान यमुना के पानी को लेकर हरियाणा पर झूठे आरोप लगाए थे। केजरीवाल का जन्म हरियाणा में हुआ और उनकी मातृभूमि हरियाणा है, ऐसे में उन्हें हरियाणा पर इस तरह के आरोप नहीं लगाने चाहिए थे। डा. मिड्ढा ने कहा कि हरियाणा के साथ लगती दिल्ली की विधानसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी को जीत मिली है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी तो अब तक विपक्ष का नेता तक नहीं चुन पाई। डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने हरियाणा में होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत का दावा किया।

## हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर की मामी के निधन पर शोक व्यक्त किया

**रोहतक।** हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने डीएलएफ कॉलोनी स्थित पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर की मामी सुमित्रा देवी के निधन पर उनके निवास स्थान पहुंच कर शोक व्यक्त किया। उन्होंने शोकाकुल परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की और कहा कि सुमित्रा देवी धार्मिक और सामाजिक सोच की महिला थी।

उन्होंने हमेशा जरूरतमंद लोगों की मदद की और परिवार को एकजुट रखा। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। इस मौके पर पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर उनके साथ मौजूद रहे।

***दीपू नागपाल के पिता के निधन पर जताया शोक:*** वहीं डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने शिवाजी कॉलोनी में भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष दीपू नागपाल के पिता 63 वर्षीय ससुर जवाहर नागपाल के निधन पर भी शोक जताया। उन्होंने शिवाजी कॉलोनी में उनके निवास पर पहुंच कर 63 वर्षीय जवाहर नागपाल के निधन पर शोक व्यक्त किया तथा शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी।



रोहतक। भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष दीपू नागपाल के पिता के निधन पर शोक व्यक्त करते हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा। फोटो : हरिभूमि

## पीजीआईएमएस में एमटीबी महामारी व निदान विषय पर ट्रेनिंग का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में 6 से 8 फरवरी तक एनटीईपी के दिशा निर्देश अनुसार एमटीबी महामारी और निदान विषय पर एक ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इस ट्रेनिंग सत्र में दर्जनों चिकित्सकों ने हिस्सा लिया और अपना ज्ञानवर्धन किया।

इस ट्रेनिंग सत्र के बारे में जानकारी देते हुए माइक्रोबायोलॉजी विभाग की डॉक्टर प्रियंका सोनी ने बताया कि पीजीआईएमएसआर रोहतक के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में 6 से 8 फरवरी 2025 तक एनटीईपी दिशानिर्देशों के अनुसार एम टीबी का महामारी विज्ञान और निदान पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। यह प्रशिक्षण एसटीएफ चेयरपर्सन और पीसीसीएम विभागअध्यक्ष डॉ. ध्रुव चौधरी, माइक्रोबायोलॉजी विभाग अध्यक्ष डॉ. अपर्णा परमार, रेस्पिरेट्री मेडिसिन विभाग अध्यक्ष डॉ. प्रेम प्रकाश गुप्ता, डॉ. विपुल , डीटीओ डॉ. इंदु और सिविल सर्जनके नेतृत्व में आयोजित किया गया था।

माइक्रोबायोलॉजी विभाग अध्यक्ष डॉक्टर अपर्णा परमार ने बताया कि पीजीआईएमएस रोहतक की सीडीएसटी लैब ने 2024 में एलपीए के लिए लगभग 10,000 नमूनों का प्रसंस्करण किया है। माइक्रोबायोलॉजी, कम्युनिटी मेडिसिन और रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के रेजीडेंट चिकित्सक इस प्रशिक्षण में शामिल हुए।

डॉ. शुचि भल्ला ने एम टीबी के परिचयात्मक भाग पर चर्चा की। डॉ. प्रियंका सोनी ने एनटीईपी दिशानिर्देशों के अनुसार एम टीबी के निदानात्मक तरीकों के बारे में बताया। उन्होंने नए निदानात्मक तरीकों और एम टीबी के शीघ्र निदान के लाभों के बारे में भी बताया। डॉ. अनुज ने एनटीईपी कार्यक्रम और नवीनतम निदानात्मक एल्गोरिदम के बारे में विस्तार से बताया। डॉ विपुल ने डीएसटीबी और डीआरटीबी के इलाज के बारे में विस्तार से बताया। डॉ ध्रुव चौधरी ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य एम टीबी के निदान और उपचार में नवीनतम तकनीकों और दिशा निर्देशों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम संस्थान के फैकल्टी सदस्यों और रेजीडेंट चिकित्सको को एम टीबी के प्रबंधन करने में मदद करेगा।

## हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन के प्रधान बने देवेंद्र सिंह



**रोहतक।** हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन की वार्षिक जनरल बॉडी की बैठक होटल पल्लवी सेक्टर 5, पंचकुला में आयोजित की गई। इस बैठक में हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन के आम चुनाव चुनाव अधिकारी पी डी वर्मा ( सेवानिवृत एचसीएस) की देख रेख में हुए। सर्व सम्मति से सत्र 2025-2029 के लिए नई कार्यकारिणी चुनी गई। नए पदाधिकारियों में प्रधान सेवानिवृत आईएएस देवेंद्र सिंह, महासचिव अजय कुमार सिंघानिया, कोषाध्यक्ष विनय अग्रवाल, उप प्रधान आईएएस मोहम्मद शाईन तथा संयुक्त सचिव जतिंदर महाजन हैं।



## सैनी संस्था के सदस्य नरेंद्र ने 21वीं बार किया रक्तदान

**रोहतक।** कृपाल आश्रम में रविवार को रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमें सैनी एजुकेशन सोसाइटी के कॉलेजियम सदस्यों ने रक्तदान किया। संस्था के सदस्य नरेंद्र सैनी ने 21वीं बार रक्तदान किया। वहीं प्रवीण सैनी ने पहली बार रक्तदान किया। संस्था के मीडिया प्रभारी श्याम कटारिया ने बताया कि रक्तदान के बाद संस्था कार्यालय पहुंचे दोनों सदस्यों की प्रधान अवनीश कुमार सैनी ने सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, इसलिए हम सभी को रक्तदान करना चाहिए। कृपाल आश्रम के सचिव संजय नारंग ने दोनों रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।



## न्यू विद्या भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में फेयरवेल पार्टी का आयोजन

**रोहतक।** न्यू विद्या भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल धामड़ में 11वीं कक्षा के छात्रों ने 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। छात्रों का स्वागत अध्यापकों व 11वीं कक्षा के छात्रों द्वारा फूलों की वर्षा करके व तिलक लगाकर किया गया। छात्र- छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। 11वीं कक्षा के छात्रों ने 12वीं कक्षा के छात्रों व अध्यापकों को विभिन्न टाइटल्स के साथ सम्मानित किया। स्कूल निदेशक विरेंद्र हुड्डा व प्रिंसीपल सोनिया दूहन ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए हुए परीक्षा में धैर्य, लगन व मेहनत के साथ सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## हरियाणवी भाषा संवर्धन व हरियाणवी साहित्य सृजन को बढ़ावा देने के लिए परिचर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



प्रज्ञा साहित्यिक मंच रोहतक के तत्वावधान में हरियाणवी भाषा के संवर्धन एवं हरियाणवी में साहित्य सृजन को बढ़ावा देने हेतु एक परिचर्चा व हरियाणवी काव्य गोष्ठी का आयोजन शहीद कैप्टन दीपक शर्मा पार्क, मॉडल टाउन के सार्वजनिक पुस्तकालय में किया गया। इस गोष्ठी में हरियाणा सरकार एवं हरियाणा साहित्य अकादमी द्वारा हरियाणवी भाषा के संवर्धन व इसमें साहित्य सृजन के लिए उठाये जा रहे कदमों की सराहना करते हुए प्रज्ञा साहित्यिक मंच के अध्यक्ष डॉ. मधुकांत ने सभी साहित्यकारों से अनुरोध किया कि वे अपने मां बोली हरियाणवी में अधिकाधिक साहित्य रचें तथा अन्य भाषाओं के साहित्य का हरियाणवी में अनुवाद भी करें।

परिचर्चा में डॉ. मधुकांत, रामधारी खटकड़, प्रो. शामलाल कौशल, कर्ण सिंह कर्ण, आशा खत्री 'लता' कंचन मखीजा, आशा विजय विभोर एवं स्नेह बंसल ने भाग लिया। सभी ने एक मत से हरियाणवी साहित्य को बढ़ावा देने के परामर्श का स्वागत करते हुए भविष्य में इस दिशा में अधिक कार्य करने का आश्वासन दिया।

उपस्थित साहित्यकारों ने सामाजिक कुरीतियों व राजनीतिक विसंगतियों पर प्रहार करते हुए हरियाणवी रचनाओं का पाठ किया। रामधारी खटकड़ ने कन्या भ्रूण हत्या व मुफ्त के प्रलोभनों पर दो रागनियाँ सुनाकर समा बांध दिया। गोष्ठी की अध्यक्षता कर्ण सिंह कर्ण ने की तथा अपने सम्बोधन में रोहतक में हरियाणवी साहित्य के प्रचार-प्रसार में इसे एक सार्थक कदम बताया। कुशल मंच संचालन आशा खत्री 'लता' ने किया।

## राजा नल के सांग की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



अखिल भारतीय गौशाला पहरावर नंदिनी धाम में सांग के छठे दिन विष्णुदत्त शर्मा द्वारा चापसिंह सोमवती की कहानी को प्रस्तुत किया गया। राजा नल के सांग की इस प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

हरिकिशन महाराज सुनारियां वाले ने 31 लाख रुपये गोशाला के लिए और 5 हजार रुपये गोशाला कर्मचारियों के लिए, फतेह सिंह वशिष्ठ जी मड़ौधी ने 5 लाख रुपये, प्रवीण कौशिक पूर्व सरपंच पहरावर ने 2 लाख 22 हजार 2 सौ 22 रुपये, सूरजभान बहादुरगढ़ ने 111000 रुपये, नीरज कौशिक पहरावर ने 112000 रुपये, विक्रम कौशिक बहादुरगढ़ ने 111000 रुपये, बलजीत मायना ने 111000 रुपये, इसके अलावा और भी दानी सज्जनों ने बढ़-चढ़कर सहयोग दिया।

इस मौके पर हरिओम शर्मा, वासुदेव शर्मा, शिवकुमार शर्मा, जयभगवान शर्मा, रामप्रकाश शर्मा, चंद्रभान अत्री, शिवचरण, रमेश, बिजेंद्र ब्रह्मचारी, राजू, समुद्र किलोई, प्रहलाद पहरावर, कृष्ण ईस्माइला आदि मौजूद रहे। प्रधान नरेश शर्मा जी ने बताया कि यह सांस्कृतिक कार्यक्रम 15 फरवरी तक चलेगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20



रोहतक। सांग करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

## गोमाता में देवी-देवता का वास होता है: कौशिक

**रोहतक।** अखिल भारतीय गोशाला पहरावर में वार्षिक सांग में मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं नगर निगम वार्ड 20 से पार्षद उम्मीदवार प्रवीण कौशिक रहे। प्रवीण कौशिक ने परिवार सहित कार्यक्रम में भाग लिया। प्रवीन कौशिक ने 2 लाख 22 हजार 222 रुपये गोशाला में दान दिए। उन्होंने गो सेवा को परम सेवा बताया और कहा कि गोमाता में देवी-देवता का वास होता है। सभी को गो सेवा के लिए दान जरूर करना चाहिए। गोशाला प्रधान नरेश शर्मा ने प्रवीन कौशिक की प्रशंसा की। इस मौके पर शिवनारायण कौशिक, नरेश शर्मा प्रधान, हरिओम शर्मा, वासुदेव, नागेन्द्र शर्मा, अंकित शर्मा, आजाद, सतबीर, सोनू, रविंदर कौशिक, डॉ. नवीन, मनीष भंडारी, विजेंदर, नीरज, बिजेंद्र, मानव, विजेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## क्रिकेट: पुरुष और महिला वर्ग में एमए द्वितीय वर्ष विजेता बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग की छात्र कल्याण समिति के तत्वावधान में सरदार वल्लभ भाई क्रिकेट स्टेडियम में क्रिकेट मैच प्रतियोगिता एवं योग प्रदर्शन का आयोजन किया गया। फैकल्टी ऑफ सोशल साइंस के डीन प्रो. सेवा सिंह दहिया ने बतौर मुख्यातिथि क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में खेल के महत्व से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि खेल से टीम वर्क, नेतृत्व क्षमता और समग्र विकास को बढ़ावा मिलता है। भूगोल विभाग के अध्यक्ष प्रो. महताब सिंह ने प्रारंभ में स्वागत भाषण दिया और खेल को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रो. सचिंदर सिंह, प्रो. प्रमोद कुमार, डॉ. प्रदीप कुमार और डॉ. सुम्मी शर्मा, गैर शिक्षण कर्मी और विद्यार्थी एवं प्रतिभागी टीमें इस अवसर पर उपस्थित रहीं।

### ये रहे विजेता

इस क्रिकेट मैच प्रतियोगिता का संचालन एवं समन्वयनक प्राध्यापक डॉ. प्रदीप कुमार और डॉ. सुम्मी शर्मा ने किया। इस प्रतियोगिता में पहला क्रिकेट मैच एमए द्वितीय वर्ष और एमए प्रथम वर्ष के बीच एक कांटे की टक्कर का मुकाबला था। मोहित कुमार की कप्तानी में एमए द्वितीय वर्ष की टीम एक करीबी मुकाबले के बाद विजयी हुई और रोहित कुमार (डिप्लोमा छात्र) को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरे मैच में मधु की कप्तानी वाली एमए द्वितीय वर्ष की लड़कियों की टीम ने टिया राय की अगुवाई वाली एमए प्रथम वर्ष की लड़कियों की टीम को हराते हुए जीत हासिल की। कोमल नरवाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता।



### योग से जुड़ने के लिए किया प्रेरित

योग प्रदर्शन कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. महताब सिंह ने शीर्षासन सहित विभिन्न योग मुद्राओं का प्रदर्शन करके अपने योग कौशल से विद्यार्थियों को योग से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उनके प्रदर्शन ने न केवल शारीरिक फिटनेस के महत्व को उजागर किया, बल्कि छात्रों और स्टाफ सदस्यों को बेहतर स्वास्थ्य और मानसिक कल्याण के लिए योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया।